तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 28.1 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार, जून 29, 2024

11 समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का हो रहा त्वरित समाधान



12 दो नकाबपोश बदमाशों ने सुरक्षा गार्ड को गोली मारकर 38 लाख रुपये की नकदी




## खबर संक्षेप

### अवैध पिस्तौल सहित युवक गिरफ्तार

**खरखौदा।** पुलिस ने रोहणा गांव से एक युवक को अवैध पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव के पास पुल के नीचे एक युवक अवैध पिस्तौल लेकर खड़ा हुआ है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को काबू किया और तलाशी ली तो उसके पास एक अवैध पिस्तौल, एक गोली व एक खाली खोल बरामद हुआ। युवक की पहचान गांव रोहणा निवासी मोहित के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### खेतों से मोनो ब्लॉक मोटर चोरी

**खरखौदा।** नसीरपुर चौलका गांव के खेतों से ट्यूबवेल की मोटर एल्बो सहित चोरी हो गई है। दीपक बताते हैं कि उसने अपने खेत में पानी की मोनो ब्लॉक मोटर लगवाई हुई थी, जो एल्बो सहित चोरी हो गई है। उसने इस बारे में अपने पड़ोसियों से पूछताछ की है। लेकिन मोटर का सुराग नहीं लग पाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दिल्ली चौक के खड़ी की गई बाइक चोरी

**खरखौदा।** दिल्ली चौक के पास खड़ी एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई है। खरखौदा के वार्ड संख्या 7 निवासी विपिन कुमार के अनुसार उसने अपनी मोटरसाइकिल दिल्ली चौक स्थित नगर पालिका कार्यालय के मुख्य द्वार के सामने खड़ी की थी। जब वह अपना काम निपटाकर मोटरसाइकिल लेने पहुंचा तो वह वहां पर नहीं थी। किसी ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### थाने से वाहन चोरी की वारदात में शामिल दो काबू

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने थाने से दो-पहिया वाहन चोरी की वारदात में शामिल दो आरोपितो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अनिल निवासी भैंसवाल कलां व मंजीत निवासी बिधल सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें जमानत मिल गई। पुलिस ने आरोपितों के पास से चोरी किए दो-पहिया वाहन को बरामद कर लिया है। उप निरीक्षक सुरेंद्र ने बताया कि गत 24 जून को थाने में बाइक खड़ी करके चार दिन की छुट्टी पर गया था।

### पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल में भिजवाया

# डेयरी संचालक की गोली मारकर हत्या कार के अंदर मिला संचालक का शव

## अस्पताल में एक्सरे मशीन खराब होने के चलते किया खानपुर रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। कार को देखते हुए परिजन और जानकारी देते हुए परिजन।

राई थाना क्षेत्र में गांव जठेड़ी के पास केएमपी पर कार सवार दूध डेयरी संचालक की सिर में दो गोली मारकर हत्या कर दी गई। तड़के करीब तीन बजे राहगीर ने कार को डिवाइडर पर चढ़ा देखकर मामले से पुलिस को अवगत कराया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में भिजवा दिया। जहां एक्स-रे मशीन खराब होने के चलते शव को खानपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया। वहां शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने अज्ञात पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। हादसे के बाद शव लेने पहुंचे वाहन को भी कार सवार ने नशे में टक्कर मार दी थी।

दिल्ली के आजादपुर स्थित गोपाल नगर निवासी नरेश कुमार ने बताया कि उनके भाई सुरेश (42) पहले दिल्ली के स्वरूप नगर स्थित घर में रहते थे। वह आजादपुर मंडी में दूध डेयरी चलाते थे। पत्नी से मनमुटाव के बाद वह अब दूध डेयरी में अकेले रहते थे। शुक्रवार तडके चार बजे उन्हें सूचना मिली कि सुरेश की केएमपी पर गोली मारकर हत्या की गई है। जिस पर वह राई थाना पहुंचे। जहां पता लगा कि उनकी सिर में दो गोली मारकर हत्या की गई है। उनके भाई रात करीब नौ बजे अपने परिचित दूध का काम करने वाले जयपाल की आल्टो कार लेकर सोनीपत के लिए चले थे। रात को किसी अज्ञात हमलावर ने उनकी गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने नरेश के बयान पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### राहगीर ने पुलिस को कराया अवगत

पुलिस के अनुसार तड़के करीब तीन बजे राहगीर ने एक कार डिवाइडर पर चढ़ी देखकर मामले से पुलिस को अवगत कराया था। जिसके बाद एसआई सब्बल की टीम मौके पर पहुंची और एफएसएल की टीम को बुलाकर जांच कराई। सूचना के बाद एसीपी मुकेश जाखड़ व राई थाना प्रभारी उमेश कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मामले में गहनता से जांच की है। पुलिस का कहना है कि मृतक के परिजनों ने किसी से रंजिश होने से इंकार किया है। ऐसे में पुलिस मृतक की कॉल डिटेल खंगालने के साथ ही अन्य पहलू भी जांच करेगी। पुलिस ब्लाइंड मर्डर के खुलासे के लिए कड़ी जोड़ने में लग गई है। पता लगाया जाएगा कि सुरेश सोनीपत में कहां आया था और वह केएमपी पर कैसे पहुंचा। वहीं परिजनों का कहना है कि सुरेश का पत्नी भारती से मनमुटाव चल रहा है। जिसके चलते दो साल से अलग रह रहे है। उनके पास दो बेटियां व एक बेटा है। उनकी पत्नी बच्चों सहित मायके में रहती है। पुलिस ने उनकी पत्नी से भी संपर्क किया है। सुरेश चार भाइयों में छोटे थे। पुलिस टीम सुरेश के शव का पोस्टमार्टम करवाने नागरिक अस्पताल में पहुंची। सुरेश को दो गोली लगी होने के चलते पोस्टमार्टम के लिए एक्स-रे किया जाना था। नागरिक अस्पताल में मशीन खराब होने के चलते शव को खानपुर कलां मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया। जहां शव का पोस्टमार्टम कराया गया। एसपीओ मुकेश ने बताया कि वह तड़के राई थाना क्षेत्र में हुई हत्या की सूचना के बाद पुलिस वाहन लेकर शव लेने पहुंचे थे। वह केएमपी पर वाहन को रोककर उतरे तो इसी दौरान पीछे से कार सवार ने पुलिस वाहन को टक्कर मार दी। जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। कार चालक नशे में धुत था। उसकी पहचान उत्तर प्रदेश के बरेली निवासी साहिल के रूप में दी। एसपीओ ने आरोपित कार चालक के खिलाफ राई थाना में मुकदमा दर्ज कराया है।

### भाई के बयान पर किया केस दर्ज

जठेड़ी के पास दूध डेयरी संचालक की गोलियां मारकर हत्या की गई है। मृतक के भाई के बयान पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में कई पहलू पर जांच की जा रही है।
**-उमेश कुमार, प्रभारी राई थाना।**



सोनीपत। बस स्टैंड पर पहुंचे विधायक व अन्य।

# विधायक ने बस स्टैंड का किया निरीक्षण अधिकारियों को सफाई के दिए निर्देश

- नगर निगम की लापरवाही से बस स्टैंड बना गंदे पानी का तालाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विधायक सुरेंद्र पंवार ने बस स्टैंड सोनीपत का औचक निरीक्षण किया। बस स्टैंड सोनीपत पर ड्रेन नम्बर-6 की वजह से जमा हुए गंदे पानी से यात्री परेशान नजर आए। विधायक सुरेंद्र पंवार ने मौके पर ही ड्रेन नम्बर-6 की वजह से जमा हुए गंदे पानी का समाधान करने का निर्देश दिया। यात्रियों ने बताया कि बस स्टैंड के बगल में ड्रेन नम्बर-6 को कवर करने का कार्य किया जा रहा है। लेकिन कार्य को धीमी गति से किया जा रहा है। इसकी वजह से बस स्टैंड व आसपास की कालोनियों में गंदा पानी ओवर फ्लो होकर जमा होने लगा है। पानी निकासी की पुख्ता व्यवस्था न होने की वजह से पानी कालोनी व बस स्टैंड में घुसने लगा है। इतना ही नहीं ड्रेन के कार्य की वजह से बस स्टैंड की दीवार भी ढह गई है, जिसकी वजह से समस्या और अधिक विकराल रून धारण कर गई है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने नगर निगम के अधिकारियों को कहा कि जल्द से जल्द बस स्टैंड के हिस्से वाले कार्य को पूरा करवाया जाए, यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उन्हें ठोस कदम उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड पर प्रतिदिन हजारों की तादाद में क्षेत्रवासियों का आवागमन होता है, यदि बस स्टैंड की हालत इस कद्र होगी तो अन्य जगहों की स्थिति का अंदाजा स्वयं लगा सकते है। यात्रियों ने बताया कि गंदा पानी भरने की वजह से बीमारियां फैलने की आशंका बनी रहती है।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, पार्षद सुरेंद्र नैय्यर, पार्षद सूर्या दहिया, राजेश दहिया, सूरज जैन, कृष्ण मलिक, ऋतुराज सिवाच, मनीष सैनी, डॉ राकेश नरवाल, अंकेश राठी, बबला, सरदार इंद्रपाल, नरेंद्र गोयल, नरेंद्र हुड्डा,रामफल, रणदीप खोखर, देवेंद्र कादयान, प्रवीन, धर्मपाल, कृष्णा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# डिस्पोजल सेंटरों पर भाजपा नेता ने किया निरीक्षण

- बार बार शिकायत करने के बावजूद नगर निगम के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। निरीक्षक के दौरान भाजपा नेता राजीव जैन।

गंदे पानी की निकासी के लिए शहर में बनाये गए डिस्पोजल पर मोटरों के खराब होने, कर्मचारियों की संख्या पर्याप्त ना होने तथा अतिरिक्त मोटरों की व्यवस्था सही ना होने के कारण जल भराव की समस्या उत्पन्न होती है, बार बार शिकायत करने के बावजूद नगर निगम के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। मुख्यमंत्री के पूर्व मिडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने शुक्रवार को पार्षद मुकेश सैनी के साथ आदर्श नगर, शिव कॉलोनी, चावला कॉलोनी, शम्भू दयाल, महलाना रोड तथा ओल्ड डीसी रोड पर स्थित डिस्पोजल स्टेशनों का दौरा किया तो पाया कि डिस्पोजल चलाने के लिए तैनात ठेकेदार आठ घंटे की ड्यूटी की बजाये 12 -12 घंटे की ड्यूटी लगाकर कर्मचारियों की तनख्वाह बचाने का काम कर रहा है जिससे सही समय पर डिस्पोजल चल नहीं पाते। चावला कॉलोनी के 6 डिस्पोजल पर दिन रात के केवल चार कर्मचारी हैं, इसी तरह ओल्ड डीसी रोड पर चौबीस घंटे का केवल एक कर्मचारी है। राजीव जैन ने मौके पर जाकर देखा कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में तीन मोटरें होनी चाहिए, केवल दो ही हैं उसमे भी एक खराब है और एक बहुत पुरानी है जो पानी पूरा नहीं उठाती। चावला कॉलोनी में बिजली के फ्यूज लगाने वाले ग्रिप टूटे पड़े हैं जिससे कर्मचारियों की जान को भी खतरा है और ऊपर से सही छत ना होने के कारण बिजली के पैनलों पर पानी टपकता रहता है। शम्भु दयाल सिथत डिस्पोजल की लाइन ककरोई रोड के डिस्पोजल से जोड़ी थी परन्तु फ्लाईओवर से महलाना चौक तक सीवर की बड़ी लाइन जाम होने के कारण लाइन जोड़ने का लाभ नहीं हुआ। महलाना रोड के डिस्पोजल पर दो मोटर खराब पड़ी हैं और एक पानी काम उठाती है, पाइप से पानी लीकेज हो रहा है। डिस्पोजलों की छत भी टपक रही है और रौशनी की वयवस्था भी नहीं है जिसके कारण देर रात को मोटरें चलाने में कर्मचारी को जान जोखिम में डालकर काम करना पड़ता है। राजीव जैन ने नगर निगम अधिकारियों को आगाह किया है कि डिस्पोजलों की वयवस्था ठीक नहीं की तो जल भराव से काफी नुकसान होगा।

# ककरोई रोड टूटने पर ग्रामीणों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। रोष-प्रकट करते हुए ग्रामीण व सड़क मार्ग पर लगी वाहनों की कतार।

सोनीपत से ककरोई रोड टूटने के विरोध में ग्रामीणों ने सड़क पर गड्डों में बैठकर प्रशासन में सरकारी खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों ने कहा कि इस रोड पर कई कई फुट के गड्ढे बने हुए हैं। जिसके कारण आमजन को भारी तकलीफ उठानी पड़ रही है। रोजाना है दुर्घटना हो रही है। बच्चों को आने-जाने में स्कूल में बहुत ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। कई बार प्रशासन को शिकायत कर चुके हैं। उक्त सड़क मार्ग पर एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों को रोजाना तकलीफ उठानी पड़ रही है। रोष-प्रदर्शन के दौरान मौजूद पार्षद संजय बड़वासनिया ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि प्रशासन तीन दिन के अंदर-अंदर रोड को बनाने का काम करें अन्यथा कई गांव के ग्रामीण इकट्ठे होकर पी डब्लूडी कार्यालय का घेराव करेंगे। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार घोषणा कर रही है कि आम जनता की समस्या व समाधान होगा दूसरी तरफ प्रशासन अधिकारी कर्मचारी आम जनता की कोई भी सुनवाई नहीं कर रहे। जिसके कारण आम जनता में लगातार विरोध सरकार व प्रशासन के खिलाफ पनप रहा है। रोड टूटने के कारण ग्रामीणों में प्रशासनिक खिलाफ भारी विरोध है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द रोड ठीक करवाने की मांग की इस अवसर पर गांव के सरपंच कर्मवीर फौजी रामचंद्र जय नारायण विकास राम जयपाल ब्लॉक समिति सदस्य जगदीश राजेश प्रदीप संदीप राजवीर जगविंदर सुरेंद्र रोहतास परमवीर आदि उपस्थित रहे।

# बस को रुकवा कर लघुशंका के लिए उतरे यात्री को तेज रफ्तार कार ने चपेट में लिया, मौत

- पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा, कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर मुरथल के पास टूरिस्ट बस को रुकवा कर लघुशंका के लिए गए यात्री को कार ने कुचल दिया। हादसे में उनकी मौत हो गई। वह दिल्ली के मजनू का टीला हिमाचल के मनाली घूमने जा रहे थे। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया। हिमाचल प्रदेश के जिला मंडी के गांव पिपली निवासी ललित शर्मा ने मुरथल थाना पुलिस को बताया कि वह वॉल्वो बस पर दो साल से चालक हैं। वह टूरिस्ट बस को लेकर दिल्ली से मनाली रूट पर चलते हैं। वह वीरवार रात को दिल्ली के मजनू का टीला से बस लेकर मनाली के लिए चले थे। उनकी बस में दिल्ली के रोहिणी सेक्टर-11 स्थित सी-115 ग्राउंड फ्लोर निवासी विक्की भी सवार थे। वह बस को लेकर मुरथल फ्लाईओवर के पास पहुंचे तो विक्की ने लघुशंका के लिए बस को रुकवा लिया। जब विक्की बस से उतरकर लघुशंका को एक तरफ जाने लगे तो बहालगढ़ की तरफ से आई कार ने उन्हें चपेट में ले लिया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक कार सहित मौके से भाग गया। ललित ने बताया कि उनके परिचालक नवीन कुमार निजी वाहन से विक्की को लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचे।

# दीपेंद्र हुड्डा के अपमान पर लोकसभा स्पीकर का फूंका पुतला

- कांग्रेसजनों ने भाजपा व लोकसभा स्पीकर के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। रोष-प्रकट करते हुए कांग्रेस नेता व अन्य।

बस स्टैंड स्थित बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क के सामने सांसद दीपेंद्र हुड्डा यूथ बिग्रेड व समस्त कांग्रेसजनों ने एक रोज पहले लोकसभा स्पीकर द्वारा पांच बार के सांसद दीपेंद्र हुड्डा का अपमान करने पर स्पीकर का पुतला फूंककर जोरदार नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि सदन में बोलने का सभी सदस्यों का अधिकार है, इस तरह सदस्यों को धमकाना व उनका अपमान करना उचित नहीं है। इससे पहले सभी कांग्रेसजनों ने बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर के चरणों में पुषपांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। सोनीपत से विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि लोकसभा हो या विधानसभा सभी सदस्य जनता द्वारा चुनकर सदन में पहुंचते है। सभी सदस्यों का कर्तव्य बनता है कि वह अपने संविधान की रक्षा करे व जनता की आवाज को पुरजोर तरीके से सदन में उठाए। लेकिन जनता की आवाज उठाने की बात तो दूर रही, एक दिन पहले लोकसभा में जय संविधान बोलना ही स्पीकर को रास नहीं आया।

**ये रहे मौजूद:** इस दौरान पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, नीलकंठ मुखीजा, सुरेंद्र छिक्कारा, ललित पंवार, सुरेश त्यागी, मनोज रिढाऊ, कमल हसीजा, सुरेंद्र शर्मा, पार्षद बिजेंद्र मलिक, पार्षद सुरेंद्र नैय्यर, पार्षद सूर्या दहिया, सुरेंद्र सुरेश त्यागी, सरदार इंद्रपाल, प्रवीन आंतिल, प्रोमिला मलिक, ऋतूराज सिवाच, दयानंद बाल्मीकि, चांदरूप प्रधान, जयभगवान राणा, पुष्पेंद्र योगी कुलदीप खासा, हरिप्रकाश मंडल, सियाराम आंतिल, नीटू मलिक, सुरेश भारद्वाज, प्रेम नारायण गुप्ता, शीला आंतिल, कमला मलिक, संतोष गुलिया, राजेश चौधरी, कृष्णा, रेखा, नीलम बाल्याण, सीमा शर्मा,कलावती पांचाल, प्रवीन आंतिल, देवेंद्र, रणदीप खोखर, विनित छिक्कारा, आशा अहलावत, सुरेंद्र, जयभगवान राणा, मनीष सैनी, प्रेम रेलन, भारत भूषण, सरदार इंद्रपाल, नरेंद्र हुडडा, डॉ राकेश नरवाल, कृष्ण, सूरज जैन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## 24 घंटे बाद भी रेलवे रोड पर बरसात जैसे बने हालात

# नालों की सफाई पर लाखों खर्च फिर भी हालात जस के तस

- दिसंबर में टैंडर लगाने के बाद सभी नालों की सफाई का दावा कर रहे है नपा के एम ई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। नई अनाज मंडी व विद्यादेवी अस्पताल के पास रेलवे रोड पर 24 घंटे बाद भरा बरसात का पानी।

शहर में नालों की सफाई पर लाखों खर्च के बावजूद बरसात होने के 24 घंटे बीत जाने के बाद बाद भी रेलवे रोड पर बरसात जैसे हालात है, क्योंकि गंदे पानी की निकासी के लिए कोई रास्ता ही नही है। इसके बावजूद भी ऐसे हालातों में नगरपालिका के एमई भी दिसंबर में सफाई का टैंडर लगाने के बाद सभी नालों की सफाई का दावा कर रहे है। नपा के एम ई जयदेव शर्मा ने बताया कि नगरपालिका ने रेलवे रोड पर नालों की सफाई पर 14 लाख रुपएं का टैंडर लगाया था। वहीं शहर के लोगों ने नगरपालिका पर खानापूर्ति करने का आरोप लगाया और कहा कि अगर शहर में ठीक ढंग से नालों की सफाई होती तो बरसात होने के 24 घंटे बाद भी रेलवे रोड पर नई अनाज मंडी व विद्या देवी अस्पताल के पास, गढ़ी केसरी मोड़ तक जलभराव के कारण तालाब जैसी स्थिति है। सफाई के ये हालात है कि रेलवे रोड पर कई जगह पर नालों में गंदगी भरी हुई है। दुकानदारों द्वारा नाले पर किए गए अवैध कब्जों को तोड़कर सफाई नही की गई। दुकानदारों का कहना कि बरसात के पानी की निकासी की बेहतर व्यवस्था व नालों की सफाई न होने के कारण उनकी दुकानों के आगे इतना पानी खड़ा रहता है कि एक या दो दिन उनकी दुकानदारी प्रभावित रहती है। अब तो हालत पहले से भी बदतर हो गई है। बरसात होने के कुछ घंटे बाद नालों से रेलवे रोड का पानी उतर जाता था लेकिन वीरवार को सुबह हुई बरसात का पानी 24 घंटे बाद भी पूरा दिन सड़क पर भरा रहा।

### तेज बरसात में क्या होगा

वीरवार को सुबह हुई बरसात में जिस तरह से रेलवे रोड पर 24 घंटे बाद भी बरसात का पानी भरा हुआ है और दुकानदारों की दुकानों पर ग्राहकों के जाने के लिए रास्ता भी नही है। ऐसे में दुकानदारों का कहना था कि जब तेज बरसात होगी तो शहर के हालात जलभराव से इतने बुरे हो जाएंगे कि लोगों का वाहनों से भी निकलना मुश्किल हो जाएगा।

### सड़क का लेवल नाले से बहुत नीचे है

नगरपालिका के एमई जयदेव शर्मा ने बताया कि जितनी नाले की सफाई होनी थी, हमने कर दी है। सड़क का लेवल नाले से बहुत नीचे है। जहां ऐसा है वहां ही बरसात का पानी भरा हुआ है। वहीं सड़क एवं भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों का भी कहना कि रेलवे रोड पर बनाई पूरी सड़क का लेवल समान है।





जेली फिश के पास ना तो दिल होता है और ना ही दिमाग



तितलियां चखकर नहीं, पैरों से किसी भी चीज का स्वाद पता लगाती हैं।

# कंप्यूटर से ग्रेजुएशन करने के बाद चमकेगा करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

इन दिनों छात्र अपने करियर को लेकर काफी सीरियस है। वो जल्द से जल्द अच्छी नौकरी हासिल कर अपने करियर को आगे बढ़ाना चाहते हैं। हर कोई अपने लिए ऐसा करियर ऑप्शन ढूंढना चाहता है जिसके जरिए उसे मनपसंद जॉब और मनचाही सैलरी मिल सके। ऐसे में जो छात्र कंप्यूटर से ग्रेजुएशन कर रहे हैं उनके लिए आज हम कुछ ऐसे करियर ऑप्शंस के बारे में जानकारी लाये है जिनके जरिए वें अपने भविष्य को संवार सकते हैं। बढ़ती महंगाई में सभी को अच्छे करियर की तलाश रहती है, और सभी चाहते हैं कि वह अच्छी सैलरी पा सकें, ताकि अच्छा लाइफ स्टाइल को फॉलो कर सकें।

## काफी ज्यादा डिमांड


कई तरह के कोर्सेज हैं जिन्हें करने के बाद आप अपने करियर को सुरक्षित कर सकते हैं और एक अच्छी सैलरी वाली जॉब का सकते हैं। आज के समय में सब काम ऑनलाइन होते हैं। हर जगह कंप्यूटर की जरूरत पड़ रही है। ऐसे में जो विद्यार्थी कंप्यूटर से ग्रेजुएशन कर रहे हैं उनकी मांग भी काफी बढ़ने वाली है। अगर आप भी कंप्यूटर के बारे में अच्छा खासा ज्ञान रखते हैं और कंप्यूटर की लैंग्वेज पढ़ने में सक्षम है तो आपको इन कोर्स के बारे में जरूर जानना चाहिए। ताकि आप अपने लिए बेस्ट ऑप्शन सेलेक्ट कर सके और उसके अनुसार अपना कैरियर बना सके।

## इंटरनेट से जुड़ा हुआ

आजकल हर कोई अपने मोबाइल पर ज्यादा समय बिता रहा है और इंटरनेट का इस्तेमाल करके नई-नई चीजों के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहा है। इसी के चलते हर कंपनी अपने प्रोडक्ट की बिक्री के लिए डाटा इकट्ठा कर रही है। एक डाटा साइंटिस्ट को इन सभी डाटा की जानकारी अच्छे से होती है इसीलिए मार्केट में डाटा साइंटिस्ट की डिमांड बढ़ रही है। इस फील्ड में अन्य क्षेत्रों की बजाय कंपटीशन भी कम है क्योंकि बेहद कम लोगों को इसके बारे में पता है। ऐसे में आप अच्छी सैलरी के साथ एक बेहतरीन जॉब पा सकते हैं।

## सैलरी अच्छी

आज के समय में किसी भी बिजनेस को ऑनलाइन शिफ्ट करने के लिए वेबसाइट चाहिए होती है। इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल के साथ वेबसाइट की आवश्यकता और मांग में भी वृद्धि हुई है। एक वेब डेवलपर की सैलरी भी काफी अच्छी होती है। इसके अलावा यह एक ऐसा काम है जिसकी शुरुआत आप फ्री लांसिंग के तौर पर भी कर सकते हैं और कमाई कर सकते हैं।



## ज्ञान होना जरूरी

आज के इस डिजिटल दौर में लगभग हर क्षेत्र में मशीन लर्निंग चाहिए होती है। आपको किसी भी फील्ड में सरलता से मशीन लर्निंग की नौकरी मिल जाएगी। मशीन लर्निंग नौकरी लेने के लिए आपको इससे जुड़े प्रोग्रामिंग और कंप्यूटर के बारे में ज्ञान होना चाहिए। मशीन लर्निंग का इस्तेमाल करके आप आसानी से किसी भी कंपनी में बड़े ओहदे पर पहुंच सकते हैं और आपको सैलरी भी काफी अच्छी मिलेगी।

## पसंदीदा क्षेत्र

यदि आपको ऐसा लगता हैं कि केवल पबजी और फ्री फायर ही सबसे ज्यादा खेले जाने वाले खेल है तो ऐसा नहीं है। पूरी दुनिया में हर दिन अलग-अलग तरह के गेम रिलीज होते हैं। वीडियो गेम के मामले में तो बहुत सारे गेम काफी पसंद किए जाते हैं। अगर आप भी वीडियो गेम बनाने में रुचि रखते हैं तो इस काम के बारे में सीख सकते हैं और गेम डेवलपर बनकर अच्छी कमाई कर सकते हैं।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंसान का फ्यूचर बनने जा रहा है। जितनी स्पीड से आर्टिफिसीयेल इंटेलिजेंटस और रोबोट हमारे डेली रूटीन का भाग बनते जा रहे हैं उसे देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर रिसर्च करने वाले लोगों की मांग कितनी बढ़ाने जा रही है। चैट जीपीटी और ब्रैड जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आने के बाद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की समझ रखने वाले लोगों को रिसर्चर और साइंटिस्ट के पद पर काफी अच्छी जॉब्स ऑफर की जा रही है।

## बन सकते हैं सॉफ्वेयर इंजीनियर

इन दोनों मार्केट में सॉफ्टवेयर इंजीनियर की डिमांड बढ़ती जा रही है। सभी आईटी कंपनियों में बड़े पैमाने पर सॉफ्टवेयर इंजीनियर या सॉफ्टवेयर डेवलपर को ढूंढा जा रहा है। यदि आप भी कंप्यूटर के बारे में जानते हैं और कंप्यूटर की लैंग्वेज का ज्ञान है तो आप भी सॉफ्टवेयर इंजीनियर बन सकते हैं। इस फील्ड में करियर बनाने से आपका भविष्य भी सुरक्षित होगा।

## डिग्री और डिप्लोमा कोर्स कर संवार सकते हैं अपना करियर

# आज के समय में आयुर्वेद के डॉक्टर की काफी मांग, नौकरी के बेहतर अवसर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

शिक्षा के छेत्र में विद्यार्थी के सामने कहीं प्रकार के डिग्री और डिप्लोमा क्षेत्र मौजूद होते हैं। विद्यार्थी किसी भी तरह के डिग्री और डिप्लोमा कोर्स के जरिए अपने करियर को संवार सकता है। विद्यार्थी के लिए साधारण तरीके की कई डिग्रियां की जाती है और अपने करियर को बनाने के लिए प्रयास किए जाते हैं। विद्यार्थी दसवीं कक्षा पास करने के बाद और 12वीं कक्षा पास करने के बाद पूरी तरह से विचलित हो जाता है कि आगे उसे क्या करना चाहिए। विद्यार्थियों के लिए कई प्रकार के डिग्री व डिप्लोमा कोर्स मौजूद होते हैं। आज के आर्टिकल में हम आपको बीएएमएस के बारे में जानकारी देने का प्रयास करेंगे।



## अच्छी आमदनी का जरिया

आज के समय में भारत में आयुर्वेद डॉक्टर बनने के लिए विद्यार्थी खासतौर से प्रयास कर रहे हैं। भारत में आयुर्वेद का भविष्य आप नजर आ रहा है। आयुर्वेद के दम पर भारत के मार्केट में अच्छा पैसा भी कमाया जा रहा है। आयुर्वेद में डिप्लोमा और डिग्री कोर्स करने के बाद विद्यार्थी आयुर्वेद डॉक्टर के तौर पर कार्यरत हो सकता है आयुर्वेद डॉक्टर बनने के लिए जरूरी बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिकल एंड सर्जरी होती है। इस डिग्री को लेकर विद्यार्थी आयुर्वेद डॉक्टर बन सकते हैं। बीएएमएस कोर्स जो 5 साल की अवधि के लिए विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध होने वाला कोर्स है। यह को भी एमबीबीएस डिग्री की तरह 5 साल और 6 महीने में पूरा होता है। बीएएमएस का फुल फोर्म बेचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसन एंड सर्जरी होता है।

## जरूरी योग्यताएं

डॉक्टर के क्षेत्र में अपना करियर बनाने का सपना लाखों लोगों का होता है। लेकिन डॉक्टर बनने के लिए जो जरूरी पोस्ट होते हैं। उनके लिए योग्यता का मापदंड भी निर्धारित किया जाता है। विद्यार्थी जो बीएएमएस कोर्स करना चाहते हैं। उन विद्यार्थियों के लिए नीचे दी गई निम्नलिखित योग्यता मापदंड को पूरा करना बहुत जरूरी है।

- विज्ञान वर्ग में विद्यार्थी को 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करनी होगी।
- विज्ञान वर्ग में विद्यार्थी को जीव विज्ञान के साथ 12 वीं कक्षा अच्छे अंकों के साथ बात करनी है।
- बारहवीं कक्षा के बाद विद्यार्थी इंट्रेंस एग्जाम में पास होना जरूरी होता है।
- विद्यार्थी के 12वीं कक्षा में न्यूनतम 60% अंक होना अनिवार्य है।

## 5 साल और 6 महीने का कोर्स



## कितनी होती फीस

*जब विद्यार्थी किसी भी क्षेत्र में डिग्री व डिप्लोमा कोर्स करना चाहता है तो सबसे पहले विद्यार्थी फीस का आकलन लगाता है। यहां सरकारी कॉलेज में 15000 से लेकर 30000 तक की प्रति वर्ष की फीस आपको देनी होती है। इसके लिए सबसे पहले एंट्रेंस एग्जाम पास करके आपको सरकारी कॉलेज में दाखिला लेना होगा। अन्यथा यदि आप प्राइवेट कॉलेज के माध्यम से यह पोस्ट करते हैं, तो आपको करीब 300000 से लेकर 1500000 सालाना फीस देनी होगी। विद्यार्थी के पास किसी भी तरह की डिग्री लेने के बाद भविष्य में अलग-अलग तरीके करियर ऑप्शन मौजूद होते हैं। जो विद्यार्थी बीएएमएस कोर्स कर चुका है। उस विद्यार्थी के लिए नीचे दिए गए निम्नलिखित भविष्य के इसको मौजूद हो जाते हैं। विद्यार्थी भविष्य की पढ़ाई के तौर पर मास्टर डिग्री लेकर नीचे दिए गए विकल्प का चयन कर सकता है और इन क्षेत्रों में मास्टर डिग्री प्राप्त कर सकता है।*
*लेक्चरर, थेरेपिस्ट, आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट, साइंटिस्ट, मेडिकल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव, जूनियर क्लीनिकल ट्रायल कॉर्डिनेटर, एरिया सेल्स मैनेजर, प्रोडक्ट मैनेजर, सेल्स एग्जीक्यूटिव।*

## जॉब के अवसर

जब विद्यार्थी बीएएमएस का कोर्स कर लेता है। तो विद्यार्थी को अच्छी नौकरी भी मिल जाती है। विद्यार्थी बीएएमएस का कोर्स करने के बाद कहां पर नौकरी कर सकता है। उसकी सूची हम आपको नीचे प्रदान करवा रहे हैं।

- हॉस्पिटल
- नृसिंग होम
- क्लीनिकल ट्रायल्स
- एजुकेशन
- हेल्थकेयर आईटी
- इंसोरेंस सेक्टर
- आयुर्वेदिक रिसोर्ट
- स्पा रिसोर्ट
- कॉलेजेस
- फार्मेसी सेक्टर
- रिसर्च इंस्टीट्यूट
- पंचकर्म आश्रम
- गवर्नमेंट हॉस्पिटल
- प्राइवेट हॉस्पिटल
- लाइफ साइंस सेक्टर

## सैलरी

विद्यार्थी के लिए किसी भी डिग्री व डिप्लोमा कोर्स करने का पहला मकसद उस डिग्री व डिप्लोमा कोर्स करने के बाद जहां पर उसे नौकरी मिलेगी वहां सैलरी कितनी मिल सकती है। विद्यार्थी सबसे पहले सैलरी का आकलन करता है। बीएएमएस करने के बाद जो विद्यार्थी डॉक्टर बन जाते हैं।
उनकी वेतन की बात की जाए तो उम्मीदवार अपने टैलेंट के दम पर अच्छा पैसा कमा सकते हैं यहां उम्मीदवार को 400000 प्रति महीने से लेकर 1200000 रुपए प्रति महीना कमाने का मौका मिलता है।



## ऐसे करें कोर्स

**जो विद्यार्थी बीएएमएस कोर्स करना चाहते हैं। उन विद्यार्थियों को नीचे दिए गए निम्नलिखित चरणों को पूरा करना होगा।**

**12वीं कक्षा पास करें :** विद्यार्थी को सबसे पहले कोई भी डिग्री लेने के लिए 12वीं कक्षा पास करनी होगी। बीएएमएस का कोर्स करना चाहते हैं। तो आपको सबसे पहले विज्ञान वर्ग यानी कि जीव विज्ञान में 12वीं कक्षा पास करना बहुत ही ज्यादा जरूरी है।

**एंट्रेंस एग्जाम पास करें :** विद्यार्थी को इस डिग्री लेने के लिए दूसरे चरण के तौर पर एक एंट्रेंस एग्जाम पास करना होता है। यह एंट्रेंस एग्जाम एमबीबीएस की डिग्री इस तरह ही होता है। नीट एग्जाम को पास करके भी विद्यार्थी बीएएमएस का कोर्स कर सकते हैं। इसके अलावा भी राष्ट्रीय स्तर पर कई अन्य एंट्रेंस एग्जाम होते हैं। जो अलग-अलग कॉलेज और अलग-अलग क्षेत्रों में करवाए जाते हैं। आप उनमें से किसी भी एंट्रेंस एग्जाम में भाग लेकर बीएएमएस कोर्स के लिए कॉलेज में दाखिल हो सकते हैं।

**कॉलेज में दाखिला लेकर बीएएमएस की पढ़ाई करना :** एंट्रेंस एग्जाम पास होने के बाद विद्यार्थी को बीएएमएस कोर्स के लिए कॉलेज में दाखिला मिल जाता है। उसके पश्चात विद्यार्थी को 5 साल और 6 महीने यानी कि कुल 11 सेमेस्टर की पढ़ाई करते हुए बीएएमएस का कोर्स पूरा करना होगा और उसके पश्चात बीएएमएस डिग्री का सर्टिफिकेट हासिल करना होगा।

**सर्वश्रेष्ठ कॉलेज :** भारत में हजारों की संख्या में कॉलेज मौजूद है। लेकिन जब किसी भी डिग्री के लिए भारत के लोकप्रिय कॉलेज और भारत के सर्वश्रेष्ठ कॉलेज की बात आती है। तब उनमें से कुछ कॉलेज का नाम टॉप पर आता है। उसी प्रकार से बीएएमएस कोर्स करने के लिए भारत के सर्वश्रेष्ठ कॉलेज की सूची हम आपको नीचे प्रदान करवा रहे हैं।

- आयुर्विज्ञान संस्थान (बीएचयू)
- राजीव गांधी स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय
- उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय हर्रावाला
- राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान
- स्वास्थ्य विज्ञान के महाराष्ट्र विश्वविद्यालय
- पतंजलि आयुर्वेद कॉलेज, हरिद्वार
- सुमतिभाई शाह आयुर्वेद महाविद्यालय मालवाड़ी, पुणे
- डॉ डीवाई पाटिल विश्वविद्यालय, नवी मुंबई
- विदर्भ आयुर्वेद महाविद्यालय, अमरावती
- सीएच ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेद चरक संस्थान, नई दिल्ली

# सपनों की ओर उड़ान: आपकी क्षमता और आपका भविष्य



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज की युवा पीढ़ी भारत के भविष्य की नींव है। आपके भीतर असीमित ऊर्जा, शक्ति और संभावनाएं छिपी हैं। एक ऐसी शक्ति जो दुनिया को बदलने की क्षमता रखती है। लेकिन इस शक्ति का सही उपयोग कैसे करें? यही प्रश्न आज का सबसे महत्वपूर्ण है। सबसे पहले, सपने देखना महत्वपूर्ण है। बिना सपनों के कोई भी बड़ी सफलता संभव नहीं। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने कहा था, सपने वे नहीं जो हम सोते समय देखते हैं, सपने वे हैं जो हमें सोने नहीं देते। आपके सपने आपके भविष्य का नक्शा हैं। जो भी आपको प्रेरित करता है, उसे अपने जीवन का हिस्सा बनाइए। शिक्षा, खेल, कला या विज्ञान हर क्षेत्र में आपके सपने बुनियादी भूमिका निभाते हैं।

## मेहनत और समर्पण का विकल्प नहीं

दूसरी बात, मेहनत और समर्पण का कोई विकल्प नहीं है। महानता प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम आवश्यक है। कभी-कभी परिस्थितियाँ कठिन हो सकती हैं, लेकिन यह याद रखें कि कठिनाइयाँ ही आपके चरित्र का निर्माण करती हैं। अगर आप अपने सपनों के प्रति समर्पित हैं, तो कोई भी बाधा आपकी प्रगति को नहीं रोक सकती। तीसरी बात, सीखने की निरंतरता को बनाए रखें। ज्ञान की कोई सीमा नहीं होती, और नई चीजें सीखने का जुनून आपको हमेशा आगे बढ़ाता है। अपने गुरुजनों से सीखें, अपने साथियों से प्रेरणा लें, और स्वयं को हर दिन एक नया सीखने का लक्ष्य दें। अगला कदम है सकारात्मकता। एक सकारात्मक दृष्टिकोण न केवल आपको मुश्किल समय में संभालता है, बल्कि यह आपकी रचनात्मकता को भी बढ़ाता है। जब आप अपनी चुनौतियों का सामना सकारात्मकता से करते हैं, तो समाधान ढूंढना आसान हो जाता है। जीवन में हर परिस्थिति से कुछ न कुछ सीखने की कोशिश करें और उसे अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। अंत में, समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें। आपकी सफलता का असली मापदंड वह होता है जब आप अपने समाज को बेहतर बनाने में योगदान देते हैं। अपनी उपलब्धियों को समाज के उत्थान में प्रयोग करें। दूसरों की मदद करें, पर्यावरण की रक्षा करें, और समाज की भलाई के लिए अपने ज्ञान और संसाधनों का उपयोग करें। युवा मित्रों, आप ही वो धारा हैं जो देश को नई दिशा में ले जा सकते हैं। आपका प्रत्येक कदम एक नई कहानी लिख सकता है। बस अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाएँ, और यकीन मानें, आप वो हासिल करेंगे जो आपने कभी सोचा भी नहीं होगा। सपने देखें, मेहनत करें, सीखते रहें, सकारात्मक रहें, और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। यही आपकी सफलता की कुंजी है।

**सपने देखें :** बड़े लक्ष्य निर्धारित करें।
**मेहनत करें:** कड़ी मेहनत व समर्पण से बाधा पार करें।
**निरंतर सीखें:** ज्ञान की खोज कभी बंद न करें।
**सकारात्मक रहें:** चुनौतियों को अवसर में बदलें।

"अपनी सफलता से समाज को लाभ पहुंचाएं। ज्ञान की खोज कभी बंद न करें। ज्ञान की प्यास ही वह तत्व है जो मनुष्य को अन्य जीवों से अलग बनाता है। निरंतर सीखना न केवल एक महत्वपूर्ण जीवन कौशल है, बल्कि यह हमारे जीवन को प्रेरणा और उत्साह से भर देता है।

## दुनिया के साथ तालमेल बिठाएं

यह हमें बदलती दुनिया के साथ तालमेल बिठाने, नए अवसरों को पहचानने और व्यक्तिगत व पेशेवर विकास की दिशा में आगे बढ़ने में मदद करता है। जब हम ज्ञान प्राप्त करते रहते हैं, तो हम अपनी सोच को विस्तारित करते हैं। नए विचार और अवधारणाएँ हमारी समस्याओं को हल करने के नए तरीके सुझाती हैं। शिक्षा सिर्फ औपचारिक स्कूली ज्ञान तक सीमित नहीं है; यह जीवन के हर क्षेत्र में फैली हुई है। नई भाषाएँ सीखना, विभिन्न संस्कृतियों को समझना, नई तकनीकों को अपनाना – ये सब हमारे ज्ञान को समृद्ध करते हैं।
निरंतर सीखने का एक और लाभ यह है कि यह हमें आत्मविश्वासी बनाता है। जब हम नई चीजें सीखते हैं और उन्हें प्रभावी ढंग से उपयोग करते हैं, तो हमें अपने कौशल पर गर्व होता है। इससे हमारी आत्म-छवि और आत्म-सम्मान में वृद्धि होती है, जो हमें जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करता है। इसके अतिरिक्त, ज्ञान का निरंतर अन्वेषण हमें विविध दृष्टिकोण अपनाने की क्षमता देता है। हम विभिन्न मुद्दों को बेहतर तरीके से समझ सकते हैं और अपने विचारों को स्पष्ट और प्रभावी ढंग से व्यक्त कर सकते हैं। इससे हमें समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा मिलती है। चुनौतियों को अवसर में बदलें, जीवन में चुनौतियाँ अपरिहार्य हैं। ये हमें विभिन्न प्रकार के संघर्षों और समस्याओं से परिचित कराती हैं। लेकिन इन चुनौतियों को अवसरों में बदलने का नजरिया ही हमारी असली परीक्षा होती है। सकारात्मक दृष्टिकोण न केवल हमें कठिनाइयों का सामना करने में मदद करता है, बल्कि यह हमें उन कठिनाइयों से सीखने और विकसित होने का अवसर भी देता है। जब हम सकारात्मक रहते हैं, तो हम हर स्थिति का सकारात्मक पक्ष देख सकते हैं। चाहे वह एक असफलता हो या एक अप्रत्याशित समस्या, सकारात्मक दृष्टिकोण हमें इससे सीखने और बेहतर बनने की प्रेरणा देता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** प्रसिद्ध चरकुला नृत्य संम्बन्धित है ?
(ए) अवध से
(बी) बुंदेलखंड से
(सी) ब्रजभूमि से
(डी) रुहेलखण्ड से

**2.** निमंलिखित में से कौन सुम्मेलित नहीं है?
(ए) आल्हा-महोबा
(बी) रसिया-बरसना
(सी) कजरी-मिर्जापुर
(डी) बिरहा-कनौज

**3.** बधाई है --
(ए) बुंदेलखंड का नृत्य
(बी) मालवा का नृत्य
(सी) दिवाली के दुसरे दिन भोपाल में मनाया जाने वाला एक त्योहार
(डी) बुंदेलखंड का लोक संगीत

**4.** तमाशा संगीत नाटक का प्रसिद्ध लोक स्वरूप है और यह सम्बंधित है -
(ए) उत्तर प्रदेश
(बी) पंजाब से
(सी) महाराष्ट्र से
(डी) बिहार से

**5.** बताइए कौन सा लोक संगीत दिए गये स्थानों से संम्बन्धित नहीं है?
(ए) कजरी-वाराणसी
(बी) बिरहा - कानपुर
(सी) होली -बृज
(डी) नौटंकी- हाथरस

**6.** निम्नलिखित नृत्यों में कौन - सा सुमेलित नहीं है /
(ए) करमा-महोबा
(बी) धुरिया - बुंदेलखंड
(सी) धीवर - कहार
(डी) नटवरी - पूर्वांचल

**7.** कारागम धार्मिक लोकनृत्य संम्बन्धित है?
(ए) केरल से
(बी) तमिलनाडु से
(सी) आंध्रप्रदेश से
(डी) कर्नाटक से

**8.** लोकनृत्य राहुला का संम्बध उत्तर प्रदेश के निम्न में से किस एक क्षेत्र से है?
(ए) पूर्वी क्षेत्र
(बी) पशिचमी क्षेत्र
(सी) मध्य क्षेत्र
(डी) बुंदेलखंड क्षेत्र

उत्तर 1.(सी) 2.(डी) 3.(ए) 4.(सी) 5.(बी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी)

## खबर संक्षेप

### सुरक्षा गार्ड का मोबाइल झपट बाइक सवार भागा

**सोनीपत।** सोनीपत। सेक्टर-3 मोड़ के पास वीरवार रात बाइक सवार झपटमार सुरक्षा गार्ड का मोबाइल छीनकर भाग गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत सेक्टर-27 थाना पुलिस को दी है। गांव शहजादपुर निवासी अजय ने बताया कि सुरक्षा गार्ड की नौकरी करते हैं। वह वीरवार देर शाम को सेक्टर-3 मोड़ से सेक्टर-27 की तरफ पैदल जा रहे थे। कुछ दूर चलते ही बाइक सवार युवक उनके पास आया। वह कुछ समझ पाते इससे पहले ही बाइक सवार उनके हाथ से फोन छीनकर भाग गया। उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस को दी।

### श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल से जेनरेटर की डिस्प्ले चोरी

**सोनीपत।** मुरथल रोड स्थित श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल से चोर जेनरेटर की डिस्प्ले चोरी कर ले गए। स्कूल के चेयरमैन राकेश कुच्छल ने बताया कि 22 जून की रात को स्कूल में चोरी हुई है। चोर दो जेनरेटर की डिस्प्ले चोरी कर ले गए। मुरथल थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### फैक्टरी से मशीन चोरी आठ कर्मियों पर आरोप

**सोनीपत।** गांव लिवासपुर स्थित गंगा जमुना स्टील प्राइवेट लिमिटेड से मेटल चेक करने की मशीन चोरी कर ली गई। फैक्टरी के निदेशक दिल्ली के रोहिणी स्थित सेक्टर-16 निवासी अंकित बंसल ने बताया कि जिस रात चोरी हुई तब कुलदीप सिंह, मोहम्मद कालिम, विनोद, जोगिंद्र, अखिलेश, शिवम, अनिकेश, व जीतू ड्यूटी पर थे। उन पर मिलीभगत कर चोरी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### मकान का ताला तोड़कर हजारों की नकदी चुराई

**सोनीपत।** जिले के गांव बाजीतपुर सबौली निवासी सहदेव कुमार ने कुंडली थाना पुलिस को बताया कि वह 25 जून को अपने परिवार के साथ अपनी ससुराल झज्जर जिले के गांव दूबलधन माजरा गए थे। जब सुबह अपने घर पहुंचे तो ताला टूटा हुआ मिला। मकान के अंदर सामान बिखरा था। अलमारी से करीब 80 हजार रुपये और उनकी पत्नी के कानों की बालियां चोरी मिली। गावं में लगे सीसीटीवी देखे तो गांव का अनिल दिखाई दिया। उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### निकासी की योजना को पूरा करने में नाकाम रहा पब्लिक हेल्थ खरखौदा

# उपायुक्त के आदेश के बावजूद जल निकासी भगवान भरोसे

## न्यायालय व लघु सचिवालय के सामने जलभराव, शहर का हाल बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

शहर की जल निकासी के लिए राज्य सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले ग्यारह करोड़ की राशि मंजूर की थी। जिसका उत्तरदायित्व जन स्वास्थ्य विभाग को दिया गया। नगरपालिका 11 करोड़ रुपए की राशि खुद खर्चना चाह रही थी, लेकिन ऐसा हो न सका। लिहाजा उसने पब्लिक हेल्थ को अपेक्षित सहयोग नहीं किया। पंप सेट लगाने के लिए रोहतक मार्ग पर बस स्टैंड के पीछे जगह उपलब्ध नहीं कराई। जिसके कारण पब्लिक हैल्थ इस बार खरखौदा की पानी निकासी की योजना को पूरा करने में नाकाम रही। उधर प्रशासन की विफलता का आलम यह है कि न्यायालय व लघु सचिवालय के सामने ही जल भराव है। बाकी शहर का हाल बेहाल है। लोक निर्माण विभाग व नगरपालिका में तालमेल के अभाव में सोनीपत बाईपास पर पानी निकासी नहीं हो पा रही है। नगरपालिका ने नाले की सफाई करने के लिए 22 लाख खर्च किए, लेकिन नगरपालिका अधिकारियों की रुचि न होने के कारण पालिका दुकानों के आगे से नालों पर हुए अवैध कब्जों व अतिक्रमण को नहीं हटा सकी। फलस्वरूप नालों की सफाई का काम फ्लॉप शो साबित हो गया। नगरपालिका ने सड़क मार्गों की निकासी के लिए जो पंप सेट लगाए, वे जवाब दे गए।


खरखौदा। बारिश के बाद सड़क मार्ग पर बने तालाब से गुजरते वाहन।

#### अधिकारियों ने अपना मार्ग बदला

जिला उपायुक्त डा. मनोज कुमार के स्पष्ट आदेश हैं कि पानी निकासी मामले में अगर किसी भी कर्मचारी व अधिकारी की लापरवाही सामने आती है तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। डीसी के सख्त आदेश भी खरखौदा में बेअसर साबित हो रहे हैं। थाना कलां व सोनीपत मार्ग से शहर में प्रवेश पाना बच्चों का खेल नहीं। समस्या से निपटने की बजाय अधिकारियों ने अपने रास्ते बदल लिए हैं।

#### नालों की सफाई की जिम्मेदारी ठेकेदार की

नालों की सफाई की जिम्मेदारी ठेकेदार की है, 22 लाख रुपए के टेंडर किए गए हैं। अगर ठीक से सफाई नहीं होगी, तो ठेकेदार की पेमेंट रोक दी जाएगी। पब्लिक हैल्थ को पंप सेट बूस्टर के लिए जमीन देने पर व विचार चल रहा है। *-संदीप कुमार, सचिव नगरपालिका खरखौदा।*

#### जल्द होगा समाधान

पब्लिक हेल्थ द्वारा ड्रेन बनाने का काम या जा रहा है, लेकिन नपा सहयोग नहीं कर रही है। जबकि उन्होंने इस बारे में कमीश्नर के सामने भी मांग रखी थी। उन्होंने नपा को निर्देश भी दिए थे, लेकिन अभी तक उन्हें जगह नहीं मिली है। जिसके कारण पानी निकासी प्रोजेक्ट को पूरा नहीं कर सकें है, तथापि वे निकासी के लिए अस्थाई व्यवस्था पर काम कर रहे हैं।
-सुदेश कुमारी, एसडीओ पब्लिक हैल्थ खरखौदा ।

#### निकासी के निर्देश दिए

जहां पर पानी निकासी व्यवस्था चौपट है, वहां नगरपालिका को पंप सेट लगवाकर निकासी के निर्देश दिए हैं। जो तालाब है, उन्हें कुछ खाली करने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि बस्तियों में पानी जाने से रोका जा सके। अगर इस मामले में कोई भी लापरवाही बरतता है, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। *-श्वेता सुहाग, एसडीएम खरखौदा।*

# महिला विवि के दो शिक्षक सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

बीपीएस महिला विश्वविद्यालय में शुक्रवार को दो शिक्षक विश्वविद्यालय सेवा से निवृत्त हो गए। महिला विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग के भूगोल विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डा. कोकिला मलिक लगभग 33 वर्षों की सेवा उपरांत तथा महिला पॉलिटेक्निक के फार्मेसी विभाग के प्रवक्ता राज सिंह कादयान 35 वर्षों की सेवा उपरांत सेवानिवृत्त हो गए। कुलपति कार्यालय स्थित कांफ्रेंस कक्ष में आयोजित विदाई समारोह में कुलपति प्रो. सुदेश ने सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों के कार्यकाल की सराहना की और उन्हें सुखद एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दी। प्रो. सुदेश ने सेवानिवृत हुए शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक डा. संदीप दहिया, आईएचएल की प्राचार्या डा. वीना तथा पॉलिटेक्निक की प्राचार्या किरण जिंदल ने भी सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों को मंगलकामनाएं दी। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षकों ने अपने कार्यकाल के अनुभव साझा किए। उनके परिजन भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।


गोहाना। सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित करते कुलपति प्रो. सुदेश।


खरखौदा। पौधरोपण करते फाउंडेशन के सदस्य व अन्य।

### जनहित अभियान फाउंडेशन ने कंवाली में रौपे 50 पौधे

**खरखौदा।** जनहित अभियान फाउंडेशन ने खरखौदा उपमंडल के गांव कंवाली में शुक्रवार को पौधारोपण किया। मिल्क प्वाइंट के निदेशक देवेंद्र दहिया ने बतौर मुख्य अतिथि पौधा लगाकर पौधारोपण अभियान की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि पृथ्वी का तापमान दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। तापमान को सामान्य बनाने में केवल पेड़ पौधे ही सहायता कर सकते हैं। फाउंडेशन अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि शुक्रवार को फलदार व छायादार पीपल, नीम, बड़, बेल आदि के 50 पौधे लगाए गए हैं। समाज सेवी दिलबाग सिंह, पूर्ण सिंह, अमित कुमार,रणधीर सिंह, प्रधान सतबीर, दलबीर लीलू, प्रमोद पंडित ,पवन,संदीप,मास्टर नवीन,पंकज,सतीश, मीनू,रोहित,विकास,विजय आदि उपस्थित रहे।

### फर्जी अंगूठे लगा मृतकों के खातों से रुपये निकाले

**गोहाना।** गांव सिकंदरपुर माजरा में डाकघर के पूर्व डाकपाल ने मृत लोगों के फर्जी हस्ताक्षर व अंगूठे लगवाकर उनके खातों से सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 13.37 लाख रुपये हड़प लिए थे। उसने मार्च 2019 से सितंबर 2021 तक लगभग 25 लोगों के खाते से पेंशन के रुपये निकाले। जांच व ऑडिट में गबन उजागर हुआ। आरोपित के विरुद्ध विभागीय जांच भी जारी है। डाक विभाग के गोहाना उपमंडल के निरीक्षक विकास ने पुलिस को बताया कि गांव सिकंदरपुर माजरा में डाकघर खोल रखा है। उसने झूठी गवाही करके निकासी फार्म के माध्यम से लंबे समय तक मृतकों के खातों से पेंशन के रुपये निकलवाए। डाकपाल ने 19 मार्च 2019 से दो सितंबर 2021 तक सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों की मौत होने के बाद उनके खातों से पेंशन के रुपये निकाले। लगभग ढाई वर्षों तक वह 25 मृतक पेंशन धारकों के खातों से रुपये निकालता रहा था। उसने 13.37 लाख रुपये का गबन किया था। बाद में जांच में यह उजागर हुआ था। डाकपाल द्वारा साधारण व दंड के रूप में लगाया ब्याज जमा नहीं करवाया। डाक नियमों के अनुसार अगर कोई कर्मचारी 50 हजार से अधिक का गबन करता है।


गोहाना। पंछियों के लिए मिट्टी के कसोरों में पानी रखते हुए एसएचओ सरोज बाला व संगठन के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

### थाने के प्रांगण में पंछियों के लिए कसोरों में पानी रखा

**गोहाना।** युवा शक्ति संगठन द्वारा महिला थाना गोहाना के परिसर में जगह-जगह पंछियों के लिए मिट्टी के कसोरों में पानी रखा। संगठन द्वारा यह पुनीत कार्य महिला थाना एसएचओ सरोज बाला के हाथों से करवाया। संयोजन संगठन के अध्यक्ष प्रमोद भारती का रहा। युवा शक्ति संगठन द्वारा हर वर्ष ग्रीष्मकालीन मौसम में शहर में जगह-जगह पर पंछियों के लिए पानी का प्रबंध किया जाता है। संगठन द्वारा इस बार भी शहर में मकानों की छतों के अलावा अन्य स्थानों पर पंछियों के लिए पानी का प्रबंध किया। महिला थाना एसएचओ सरोज बाजा ने संगठन के इस कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति गर्मी के दिनों में पंछियों के लिए अपने मकान की छत पर पानी की व्यवस्था करे। इस पुनीत कार्य में डॉ. सुनील, आरती, रेनू, प्रवेश व सुनील का विशेष सहयोग रहा।

# विद्यालयों में सभी मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त हों: बीइओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गर्मी की छुट्टियां समाप्त होने के बाद 1 जुलाई को विद्यालय खुल जाएंगे। इसी विषय को लेकर शुक्रवार को शैक्षणिक खंड मुंडलाना के बीईओ बसंत ढिल्लों ने खंड कार्यालय में विद्यालय मुखियाओं, उल्लास कार्यक्रम के सुपरवाइजर, बीआरपी और एबीआरसी की बैठक ली। बीईओ ने आदेश दिए कि छुट्टियां खत्म होने से दो दिन पहले स्कूलों में सभी मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करें। बीईओ बसंत ढिल्लों ने कहा कि विद्यालयों के मुखिया 29 व 30 जून को विद्यालयों का निरीक्षण कर पेयजल व्यवस्था, शौचालय, बिजली, कमरों की साफ-सफाई और परिसर में घास को दुरुस्त करें ताकि विद्यार्थियों को कोई परेशानी न हो। विद्यालय खुलने के बाद 1 जुलाई से शिक्षक और विद्यार्थियों की हाजिरी ऑनलाइन लगाई जाए, 1 से 7 जुलाई तक प्रातः 7 से 11 बजे तक यूथ एवं ईको क्लब के तहत समर कैंप आयोजित किए जाएं, शिक्षक एवं विद्यार्थी मेगा प्लांटेशन ड्राइव के तहत हर घर पौधारोपण दस्तक अभियान के तहत हर्बल प्लांट एवं कीचन गार्डन बनाने के लिए पौधारोपण करें।


गोहाना। बैठक को संबोधित करते हुए बीईओ बसंत ढिल्लों। फोटो : हरिभूमि


गोहाना। भगवान परशुराम चौक में पेयजल व्यवस्था का शुभारंभ करते हुए राजू विरमानी व समिति के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

### भगवान परशुराम चौक पर की पेयजल की व्यवस्था

**गोहाना।** सर्व ब्राह्मण कल्याण समिति गोहाना द्वारा भगवान परशुराम चौक पर पीने के पानी की व्यवस्था की गई है।पानी की व्यवस्था के लिए चौक में वाटर कूलर की बजाय पानी से भरे मटके रखे गए हैं। इस पुनीत कार्य का शुभारंभ समाजसेवी इंद्रजीत उर्फ राजू विरमानी ने किया राजू विरमानी ने समिति को यह आश्वासन दिया कि यहां वाटर कूलर एवं समिति की मांग पर कमरे की व्यवस्था भी की जाएगी। फिलहाल चौक में पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त रखने एवं चौक देखभाल के लिए एक व्यक्ति की जिम्मेवारी भी लगाई गई है। इस मौके पर समिति के प्रधान जयकिशन शर्मा, उपप्रधान जस्सू थानेदार, सचिव शिवकुमार भावड, सहसचिव राजकुमार फौजी, जगदीश सरपंच, बलराम कौशिक, कुलदीप कौशिक, मास्टर सुल्तान, प्रताप जोली, इंद्र शर्मा,अजमेर शर्मा मौजूद रहे।

# गन्नौर सीएचसी को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड में मिला अव्वल स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड में प्रथम आने पर सीएचसी गन्नौर को सम्मानित किया गया। केंद्रीय राज्य मंत्री जाधव प्रताप राव गणपतराव और अनुप्रिया सिंह पटेल ने सोनीपत सिविल सर्जन डा. जयकिशोर व उनकी टीम को अवार्ड प्रदान किया। गन्नौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मिलने वाली सुविधाओं, सफाई व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, ओपीडी, सीपीटी, लैब, लेबर रूम, एक्सरे, डाक्टरों की संख्या, स्टाफ ट्रेनिंग स्किल, रिकार्ड मेंटेनेंस, फायर एनओसी, एयर क्वालिटी एनओसी व बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट में अव्वल होने के कारण नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड में खरा उतरा। अवार्ड मिलने से अस्पताल स्टाफ में खुशी की लहर है। इससे पहले भी वर्ष 2023, 2022, 2021 व 2018 में भी सीएचसी गन्नौर को एनक्यूएएस प्रमाणन में राष्ट्रीय स्तर पर पहला स्थान हासिल मिला था।


सोनीपत। सम्मान लेते जिला स्वास्थ्य अधिकारी व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*


सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान मौजूद कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

### पंचराम 40 वर्ष की सेवा अवधि के पश्चात सेवानिवृत्त

**सोनीपत।** हरियाणा गर्वनमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन रजिस्टर नंबर 41 कैम्प कार्यालय करनाल मुख्यालय चरखी दादरी संबंधित मंच की शाखा पब्लिक हेल्थ ब्रांच से आज सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह जिला मुख्यालय पब्लिक हेल्थ ब्रांच यूनियन कार्यालय नियर लघु सचिवालय जलघर प्रांगण सोनीपत में आयोजित किया गया सम्मान समारोह ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा ने बताया कि आज पंचराम डब्लूपीओ फर्स्ट जनस्वास्थ्य विभाग से अपनी 40 वर्ष की लंबी सेवा अवधि के उपरांत सकुशल स्वास्थ्य के साथ विभाग से सेवानिवृत्ति हुए पंचराम द्वारा विभाग और संगठन के कामों के प्रति निष्ठा और सेवा भावनाओं का जिम्मेदारी पूर्ण निष्ठाओं के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्ति सम्मान दिवस समारोह में विशेष रूप से सुरेंद्र सिंह सुरेश देवेंद्र कुमार सतबीर शर्मा रणबीर सिंह राजबीर तेज प्रकाश गौड़ सुंदर सिंह शंभू नरेश संजय दलीप सिंह अमित कुमार धर्मेन्द्र महेंद्र सारसर एसडीसी जगमेनदर रामनारायण धरमबीर रामनिवास गौतम आदि सैकड़ों कर्मचारियों द्वारा साथी के मान सम्मान में शामिल रहे।

# नई शिक्षा नीति बाल केंद्रित : चेतराम शर्मा

## गीता विद्या मंदिर में शैक्षिक कौशल विकास कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित गीता विद्या मंदिर, गोहाना में शैक्षिक कौशल विकास कार्यशाला के दूसरे दिन मुख्य वक्ता ग्रामीण शिक्षा विकास समिति के मंत्री चेतराम का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। अध्यक्षता प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की। संयोजन एवं मंच संचालन शिक्षिका रजनी ने किया। मुख्य वक्ता चेतराम ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति बाल केंद्रित है। बालक को क्रिया आधारित शिक्षण चाहिए, तभी वह भ्रष्टाचार मुक्त समाज की ओर अग्रसर होंगे। इसके लिए आचार्य को समयानुसार अपडेट रहना आवश्यक है। अतः आचार्य सटीक पाठयोजना बनाकर अध्ययन-अध्यापन करें। कार्यक्रम में विद्या भारती द्वारा संचालित अभिनव पंचपदी शिक्षा पद्धति के आधार पर शिक्षकों द्वारा शिक्षण कार्य की प्रस्तुति भी दी गई। इंग्लिश स्पीकिंग कौशल व कम्प्यूटर से प्रश्न पत्र बनाने की जानकारी भी आचार्यों से ली। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. मनोज शर्मा तथा विद्यालय के प्राचार्य अश्वनी कुमार ने मुख्य वक्ता को सम्मानित किया।


गोहाना। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षिकाएं। *फोटो : हरिभूमि*

**जनसुनवाई** — समाधान शिविर में 80 शिकायतों पर सुनवाई, जिला उपायुक्त रहे मौजूद

जिला प्रशासन द्वारा लघु सचिवालय में आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों का लोगों को खूब लाभ मिल रहा

# समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का हो रहा त्वरित समाधान : डॉ. मनोज कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा लघु सचिवालय में आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों का लोगों को खूब लाभ मिल रहा है। शिविर में उपायुक्त विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं को सुनकर मौके पर ही समाधान कर रहे हैं। जिला प्रशासन की इस पहल को लेकर नागरिकों की काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है और प्रशासन के इस प्रयास की सराहना कर रहे हैं। उपायुक्त ने बताया कि समाधान शिविरों में प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहते हैं और शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए तुरंत आवश्यक कार्रवाई करते हैं। शुक्रवार को आयोजित समाधान शिविर में जिला प्रशासन के पास 80 शिकायतें आईं। उपायुक्त द्वारा सभी शिकायतों पर सुनवाई की गई और संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान करें ताकि लोगों को समस्याओं से निजात मिल सके। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा नियमित रूप से जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिकायतों के समाधान में लिए सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश हैं। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में आने वाले शिकायतों को नंबर अलॉट किया जाता है व इसकी प्रोपर मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है।


सोनीपत। समाधान शिविर में शिकायत सुनते जिला अधिकारी व अन्य।

#### ये रहे मौजूद

सभी विभागों द्वारा जिन शिकायतों का समाधान किया जाता है उनकी एक्शन टेकन रिपोर्ट जिला मुख्यालय में तुरंत प्रेषित कि जाती है। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त विश्राम मीणा, अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, डीसीपी नरेन्द्र कूषसह, नगराधीश पूजा कुमारी, डीआरओ हरिओम अत्री तथा डीडीपीओ जितेन्द्र सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


खरखौदा। पौधरोपण करते कृषि अधिकारी व समिति पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

### गांव थाना खुर्द के मुक्ति धाम में पौधरोपण किया

**खरखौदा।** जीवन ज्योति जन कल्याण सेवा समिति थाना खुर्द अध्यक्ष सितेंद्र दहिया, खंड कृषि अधिकारी खरखौदा रविंद्र दहिया, कृषि पर्यवेक्षक रघुराज दहिया, दीपक दहिया,एटीओ दीपक धीमान,तरुण, सुमित, विशिष्ट दहिया आदि ने गांव थाना खुर्द के मुक्ति धाम में पौधारोपण किया। समिति अध्यक्ष सितेंद्र दहिया ने बताया कि उनकी संस्था समय समय पर पौधे लगाने का कार्य करती रहती है। उनका कहना है कि गत वर्षों में कोरोना के प्रकोप के समय ऑक्सीजन सिलेंडरों की कमी के चलते अनेक लोगों की मौत हो गई थी। यदि हम पौधारोपण नहीं करेंगे, तो बिना कोरोना के भी यह भयावह स्थिति पैदा हो सकती है। इसलिए वृक्ष लगाएं, जीवन बचाएं। बरसात का मौसम आने वाला है, ऐसे में हम सभी को यह संकल्प लें कि कम से कम एक पेड़ जरूर लगाएंगे।

## खबर संक्षेप

### बिजली संकट से तहसील के काम प्रभावित

**गोहाना।** गांव खानपुर कलां को उप तहसील का दर्जा प्राप्त है जिससे आस पास के 12 गांव जुड़े हुए हैं। पिछले कुछ दिनों से तहसील कार्यालय में बिजली संकट गहराया हुआ है। कई बार बिजली न होने से सुबह से शाम हो जाती है लेकिन काम नहीं होता। कंप्यूटर ऑपरेटर दीपक के अनुसार इनवर्टर का बैकअप ज्यादा न होने की वजह से कंप्यूटर बिना बिजली के चल नहीं पाते जिससे तहसील का काम प्रभावित होता है।

### बीए पत्रकारिता एवं जनसंचार पाठ्यक्रम शुरू

**गोहाना।** बीपीएस महिला विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-2025 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत चार वर्षीय स्नातक (यूजी)-बीए पत्रकारिता एवं जनसंचार (इंटरडिसिप्लिनरी) पाठ्यक्रम प्रारंभ किया गया है। कुलपति प्रो. सुदेश ने बताया कि 12वीं कक्षा उतीर्ण छात्राओं के लिए बी.ए. पत्रकारिता एवं जनसंचार (इंटरडिसिप्लिनरी) पाठ्यक्रम में 40 सीटें उपलब्ध हैं।

### चोरों ने दुकान से मोबाइल फोन चुराया

**गोहाना।** शहर में सिविल रोड पर पालिका बाजार के सामने और खटीक मोहल्ले के कोने पर स्थित एक मोबाइल फोन ककी दुकान से दिनदहाड़े मोबाइल फोन चोरी कर लिया गया। सीसीटीवी फुटेज में कैद वारदात के अनुसार आरोपियों ने काउंटर का लॉक खोल कर मोबाइल फोन चुराया। फुटेज में दोनों चोरों के चेहरे साफ नजर आ रहे हैं। पुलिस चोरी की जांच कर रही है।

### हमलावरों ने युवक को पीटा, हालत गंभीर

खरखौदा। सिलाना गांव में हमलावरों ने पीट पीट कर युवक को घायल कर दिया। संदीप ने बताया कि वह भैंसों का व्यापार करता है और उसने उनके रखरखाव के लिए गांव की एक महिला का घेर लगभग 5 वर्ष से किराए पर लिया हुआ है। कुछ दिन पहले उसे महिला ने उससे 2 लाख रुपए उधार में मांगे थे। जब उसने उधार में पैसे देने के लिए मना किया, तो उस महिला ने उसे घेर खाली करने को कहा। उसने महिला से एक सप्ताह का समय मांगा।

### घायल सुरक्षा गार्ड को नरेला के राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में करवाया भर्ती

# दो नकाबपोश बदमाशों ने गार्ड को गोली मारकर 38 लाख लूटे

- पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर की जांच शुरू
- एसीपी सहित अन्य पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे
- सीसीटीवी में कैद हुई वारदात पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कुंडली थाना क्षेत्र के गांव में स्थित एचडीएफसी बैंक की शाखा के गेट पर बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाश कैश वैन के सुरक्षा गार्ड को गोली मारकर 38 लाख रुपये लूटकर भाग गए। घायल सुरक्षा गार्ड को दिल्ली के नरेला स्थित सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। दूसरे सुरक्षा गार्ड का दावा है कि उसने एक बदमाश को गोली मारी है। हालांकि पुलिस इसकी पुष्टि नहीं कर रही है। कैश वैन में 3.09 करोड़ की नकदी बताई जा रही है। शुक्रवार शाम करीब पौने पांच बजे एचडीएफसी बैंक कुंडली से बैंक की कैश वैन नकदी लेने आई थी। कैशियर नकदी का संदूक लेने अंदर चले गए। वह नकदी से भरा संदूक लेकर आए तो दो सुरक्षा गार्ड ने कैश वैन का गेट खोल दिया। गेट खोलकर नकदी रखते ही बाइक सवार दो बदमाश वहां पहुंचे। उनके हाथ में पिस्तौल था। उन्होंने आते ही वहां मौजूद सुरक्षा गार्ड उत्तर प्रदेश के जिला एटा निवासी मनरेश के पेट में गोली मार दी। गोली लगते ही वह नीचे गिर गए। इसके बाद एक बदमाश ने कैशवैन के अंदर से नकदी से भरा संदूक लूट लिया। वारदात को अंजाम देकर बदमाश पानीपत की तरफ भाग गए। दूसरे गार्ड का दावा है कि बदमाशों का पीछा करते हुए उन्होंने एक हवाई फायर करने के साथ ही एक बदमाश की तरफ गोली चलाई है। वह गोली उसे लगी है। हालांकि पुलिस इसकी पुष्टि नहीं कर रही है।

उधर, वारदात के बाद साथी कर्मी तुरंत घायल को लेकर नरेला के अस्पताल में पहुंचे। जहां उनका उपचार किया गया। घायल को गंभीर हालत के चलते हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।





सोनीपत। बैंक शाखा और मौके पर मोबाइल में सीसीटीवी देखते हुए पुलिस अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

#### सीसीटीवी में भागते दिख रहे बदमाश

लूट की वारदात के बाद बदमाश सीसीटीवी में भागते दिखाई दे रहे है। सीसीटीवी में एक बदमाश बाइक चला रहा है तो दूसरा उसके पीछे नकदी से भरी संदूक रखकर पैदल भागता दिखाई दे रहा है। जिसमें गार्ड भी उनके पीछे बंदूक लेकर भागते दिख रहे हैं।

#### दिनदहाड़े लूट की वारदात से पुलिस सुरक्षा की खुली पोल

दिनदहाड़े भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में हुई लूट की वारदात ने पुलिस सुरक्षा की पोल खोल दी है। वारदात को अंजाम देकर एक बदमाश संदूक को बाइक पर रखकर काफी दूर तक भागते हुए दिखाई दे रहा है। बाद में बदमाश पानीपत की तरफ भागे बताए जा रहे है। उसके बाद भी पुलिस उनको पकड़ नहीं सकी।

#### बदमाशों की तलाश जारी

बैंक कैश वैन से सुरक्षा गार्ड को गोली मारकर 38 लाख रुपये की राशि के लूटने की सूचना मिली थी। इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी में दो बदमाश दिखाई दे रहे हैं। पुलिस की टीमें बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है। जल्द बदमाशों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। घायल गार्ड को अस्पताल से हायर सेंटर रेफर किया गया है। **एसीपी, मुकेश जाखड़।**



गन्नौर। कार्यक्रम में संस्कार प्रमुख निशा कौशिक के आवास पर मौजूद भविप के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### राष्ट्र समर्पित डा. सूरज प्रकाश का जन्म दिवस मनाया

**गन्नौर।** भारत विकास परिषद शाखा गन्नौर द्वारा राष्ट्र समर्पित डा. सूरज प्रकाश का जन्म दिवस श्री कृष्ण प्रणामी गौशाला गढ़ी केसरी में गऊ ग्रास सेवा करके अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक व महिला संयोजीका मनीषा जैन के नेतृत्व में मनाया। इसके बाद उपाध्यक्ष संस्कार निशा कौशिक के आवास पर एक संगोष्ठी की गई। कार्यक्रम में सचिव अंकित त्यागी ने जुलाई माह में होने वाले कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी और तरुण प्रताप त्यागी, योगेश कौशिक ने डा. सूरज प्रकाश के जीवन और कार्यशैली के बारे में जानकारी दी। भारत विकास परिषद की स्थापना, परिषद के कार्यों के बारे में अवगत करवाया। इस मौके पर अमित जिंदल कोषाध्यक्ष, कृष्ण जिंदल, संदीप सिंघल, राजकुमार अग्रवाल,डॉ राकेश जैन, डॉ मनोज, नरेंद्र पतंजलि, शकुंतला कौशिक,काजल सिंघल, नीलम अग्रवाल आदि मौजूद थे।



गन्नौर। भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा ग्रामीणों को संबोधित करते हुए।

### ग्रामीणों को पार्टी की नीतियों से अवगत करवाया

**गन्नौर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता आजाद सिंह नेहरा ने गन्नौर विधानसभा के गांव गढ़ी झझांरा मे जनसम्पर्क चलाकर लोगों को पार्टी की नीतियों से अवगत करवाया। नेहरा ने दुष्यन्त चौटाला द्वारा दिए ब्यान कि हमें भाजपा के साथ लगने से जेजेपी को नुकसान हुआ है, को बहुत ही शर्मनाक बताया। नेहरा ने कहा कि जेजेपी की वजह से भाजपा को नुक्सान हुआ है। नेहरा ने कहा कि भाजपा हर वर्ग की पार्टी है। पार्टी ने हर वर्ग के उत्थान के लिए नीतियां बनाई है। जिनका सभी को फायदा मिल रहा है। उनके साथ ओ बी सी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अमित सैनी, राजपुर मण्डल महामंत्री श्रवण कौशिक, पुरखास मण्डल महामंत्री सुखबीर प्रजापति,ओमप्रकाश ,बादल, राजेश राणा, महेन्द्र सिंह, सोनु ,राजबीर आदि उपस्थित रहे।

## बीपीएल परिवार के मकान की दीवार गिरी

- पिछले करीब 10-11 साल से जर्जर हालत में है मकान, प्रशासन की अनदेखी पड़ रही भारी
- मकान निर्माण के लिए कई साल पहले पैसे हो गए थे मंजूर, लेकिन अब तक नहीं मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

प्रशासन की अनदेखी का शिकार बने रिंढाणा गांव में बीपीएल परिवार के जर्जर हो चुके मकान की शुक्रवार को दीवार ढ़ह गई। गनीमत यह रही कि हादसे में परिवार के किसी सदस्य की जान नहीं गई। गांव रिंढाणा बरोदा हलका के विधायक इंदुराज नरवाल का गांव है। जब विधायक के गांव में गरीब लोगों की सुनवाई नहीं हो रही तो दूसरों की तो बात की क्या की जाए। मकान मालिक धर्मबीर पुत्र प्रेम सिंह और उनकी पत्नी नीलम का कहना है कि आर्थिक मदद के लिए हलका विधायक से लेकर अधिकारियों तक गुहार लगाई जा चुकी है। मकान निर्माण के लिए सरकार की ओर से अनुदान भी मंजूर हो चुका है लेकिन लंबा समय बीत जाने के बाद अब तक एक फूटी कौड़ी भी नहीं मिली है। दंपति का कहना है कि मकान की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि अब दीवारें ढ़हने लगी हैं। शुक्रवार को मकान की एक दीवार ढ़ह गई। गनीमत यह रही कि मलबे के नीचे परिवार का कोई सदस्य नहीं दबा, अन्यथा कोई बड़ी अनहोनी हो सकती थी। परिवार का कहना है कि अगर किसी दिन मकान ढ़हने से परिवार के किसी सदस्य की जान चली गई तो फिर सरकार द्वारा मकान निर्माण के लिए दिए जाने वाले अनुदान का क्या फायदा। मकान ढहने और हादसे के भय से परिवार के सदस्यों को रात बैठकर बीतानी पड़ती है।



**गोहाना।** गांव रिंढाणा में बीपीएल परिवार के मकान की ढ़हने से बिखरा हुआ मलबा। फोटो : हरिभूमि

## विवि प्रशासन की वादाखिलाफी बर्दाश्त नहीं: नैन

- कुछ विभागों में 25-30 फीसदी हाजिरी वालों को परीक्षा में बिठाया व अन्य विभागों में 59 वाले भी वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जननायक जनता पार्टी की छात्र इकाई इनसो के छात्र नेता शुभम नैन ने दीनबंधु छोटूराम विश्वविद्यालय में परीक्षाओं में चल रही धांधली व विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा की गई वादाखिलाफी पर कड़ी नाराजगी जताई है। शुभम नैन ने पीडब्ल्यू डी विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि छात्रों की हाजिरी को आनलाइन किया गया था, जिसमें पारदर्शिता बढ़ाने की बात की गयी थी, लेकिन पारदर्शिता के नाम पर बड़ी संख्या में छात्रों के साथ नाइंसाफी हुई, चहेते छात्रों को लाभ पहुंचाया गया जबकि अधिकतम छात्रों की हाजिरी को गलत तरीके से काटा गया। पिछले दिनों 5 जून को जब मैंने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो प्रकाश सिंह से मुलाकात की तो वीसी साहब ने आश्वासन दिया था कि किसी भी बच्चे का भविष्य खराब नहीं किया जाएगा। लेकिन उसके तुरंत बाद डीन रजनी शुक्ला ने गोल मोल भाषा में मेल डालकर बच्चों के साथ मजाक किया गया। वहीं दूसरी ओर मैनेजमेंट विभाग ने उन बच्चों को भी परीक्षा में बिठाया जिनकी हाजिरी 20-30 प्रतिशत थी एक ही विश्वविद्यालय में दोहरा कानुन कैसे आया ये सब विभागाध्यक्ष व डीन की मिलीभगत से संभव हो सका है, शुभम नैन ने कहा कि वीसी केवलमात्र कुलसचिव व डीन के इशारों पर चलते हैं हम ऐसा व्यवहार बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेंगे।



सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी व सदस्यगण।

### बेसहारा गोवंशीय पशु ने महिला को किया घायल

**गन्नौर।** शहर के प्रजापति चौक में आवारा गौवंश द्वारा घर के बाहर झाड़ू निकाल रही महिला को दो बार टक्कर मारने से घायल होने पर आम आदमी पार्टी सोनीपत लोकसभाध्यक्ष देवेन्द्र गौत्तम ने एसडीमए को पत्र लिखकर गौवशं का पकड़वाने की मांग की। पत्र में गौत्तम ने कहा कि अगर ये नगरपालिका द्वारा गौवंश का पकड़वाने में लापरवाही बरती जा रही है। अगर नगरपालिका ने संबधित ठेका दिया तो उक्त ठेकेदार व नपा अधिकारियों के खिलाफ एसडीएम द्वारा मामला दर्ज करवाया जाए। उन्होंने कहा कि अगर घायल महिला की जगह गौ वंश नपा चेयरमैन, एसडीएम, विधायक, उपायुक्त के परिवार को टक्कर मार देता तो अब तक गौ वंश को पकड़ने का अभियान चला दिया होता। उन्होंने चेताया कि अगर कार्यवाई नही हुई तो आम आदमी पार्टी उक्त गौ वंश को नपा व अधिकारियों के घर के बाहर बांधने को मजबूर होगी।अगर नगरपालिका ने संबधित ठेका दिया तो उक्त ठेकेदार व नपा अधिकारियों के खिलाफ एसडीएम द्वारा मामला दर्ज करवाया जाए।

**दो दिन बाद घायल महिला पहुंची अस्पताल से घर:** गौ वंश की टक्कर से घायल महिला उपचार के बाद अस्पताल से घर पहुंची है। घायल महिला को सिर में कई टांके आए है और हाथ व पैर में चोट लगी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## मानसी सैनी को एनसीसी बी परीक्षा में मिला ए-ग्रेड

- छात्रा ने परिवार व महाविद्यालय का नाम रोशन कर आगे बढ़ने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर के वार्ड 13, गांव कबीरपुर मे रहने वाली बाल कृष्ण सैनी व माता कविता सैनी कि सुपुत्री होनहार मानसी सैनी ने 12 हरियाणा एनसीसी बटालियन द्वारा घोषित एनसीसी बी प्रमाण पत्र कि परीक्षा में हिंदू कन्या महाविद्यालय की कैडेट ने शानदार प्रदर्शन करके ए ग्रेड सर्टिफिकेट प्राप्त किया। एनसीसी कि ए ग्रेड विजेता मानसी सैनी ने कहा कि उसकी माता कविता सैनी व जिला सैनी सभा के पूर्व प्रधान पिता बाल कृष्ण सैनी और कॉलेज की प्राचार्य रचना गुप्ता व एनसीसी अधिकारी नीतू नसियर के सफल मार्गदर्शन के कारण उसे एनसीसी बी मे ए ग्रेड हासिल हो पाया है। मानसी सैनी ने बताया कि उनके पिता हमेशा समाज सेवा का उत्कृष्ट कार्य करते रहते है। उनको देख देख कर उसे महाविद्यालय मे एनसीसी से प्रेरणा लेकर देश सेवा व समाज सेवा करने कि प्रेरणा मिली। उसी प्रेरणा और जज्बे से के कारण उसे ये ए ग्रेड मिला है। पिता बाल कृष्ण सैनी ने बताया किजो बेटियों को बोझ समझते है। लड़कियों को भी मानसी सैनी से आगे बढ़ने कि प्रेरणा लेनी चाहिए। नगर पार्षद संगीता देवेंदर सैनी ने भी मानसी सैनी को ए ग्रेड हासिल करने पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। संत कबीरदास समाज उत्थान सेवा समिति कबीरपुर के संस्थापक महासचिव सूरज कुमार ने भी मानसी सैनी को ए ग्रेड जितने पर मुबारकबाद दी। दादा छुलाया सेवा समिति, महादेव शिव शक्ति सेवा समिति के पदाधिकारीयों ने भी मानसी व परिवार को मुबारकबाद दी।



सोनीपत। मिठाई खिलाकर स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि



राई। पूर्व मार्किट कमेटी के चेयरमैन एवं भाजपा नेता कुलदीप नांगल पौधारोपण करते हुए।

### पौधारोपण कर दिया पर्यावरण सुरक्षा का संदेश

राई। पूर्व मार्किट कमेटी के चेयरमैन एवं भाजपा नेता कुलदीप नांगल ने अपने गांव नांगल व सोनीपत अनाज मंडी में 50 पौधे रोपित कर पौधारोपण कर पर्यावरण रक्षा, जीवन सुरक्षा का संदेश दिया। पूर्व चेयरमैन कुलदीप नांगल ने कहा की पेड़-पौधों की कमी से निरंतर पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण जरूरी है। बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई से पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। लोग अपने स्वार्थ के लिए पेड़ों को काट रहे है। पर्यावरण हरा-भरा रहेगा, तभी जीवन भी सुरक्षित रहेगा। कुलदीप नांगल ने कहा कि हम सभी का फर्ज बनता है कि पृथ्वी की खूबसूरत और हरा-भरा बनाए रखने के लिए कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों व आढ़तियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। इस मौके पर विशाल जेलदार, अंकित बैयापुर आदि मौजूद थे।

### पाठ्यक्रम विकसित करने को लेकर चर्चा

**राई।** ओम्बड्समैन प्रोफेसर सुरेंद्र कुमार गक्खर ने पहली बार हरियाणा के खेल विश्वविद्यालय में अधिकारियों और छात्र शिकायत कक्ष के सदस्यों से मुलाकात की। लोकपाल का स्वागत कुलपति अशोक कुमार, पूर्व डीजीपी और आईपीएस, ने किया। बैठक के दौरान कुलपति अशोक कुमार ने विश्वविद्यालय की चल रही प्रयासों का जिक्र किया, जो विद्यार्थियों की भलाई और शैक्षणिक मानकों को बढ़ाने के लिए किए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रोफेसर गक्खर का अनुभव विश्वविद्यालय के लिए बहुत लाभकारी होगा। उन्होंने विद्यार्थियों काउंसलिंग को बेहतर बनाने और उनके जरूरत के हिसाब से पाठ्यक्रम विकसित करने पर भी बात की गई। प्रोफेसर गक्खर ने खेल विज्ञान प्रयोगशाला को सुधारने के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

### अस्पताल में एक्स-रे विभाग का बंद दरवाजा देखकर लौट रहे मरीज

# खराब हुई एक्स-रे मशीन से मरीज हो रहे परेशान

नागरिक अस्पताल में बार-बार खराब हो रही डिजिटल एक्स रे मशीन के कारण मरीजों में हो रही निराशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नागरिक अस्पताल में बार-बार खराब हो रही डिजिटल एक्स रे मशीन के कारण मरीजों को निराशा हो रही है। शुक्रवार को फिर मशीन में तकनीकी खराबी आने के कारण मरीजों को निराश होकर लौटना पड़ा। दो दिन पहले ही प्रबंधन की तरफ से मशीन को ठीक करवाया गया था। वहीं अस्पताल प्रशासन की ओर से मशीन को ठीक कराने के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। जिसकी वजह से यह मशीन बार-बार बंद हो रही है। शुक्रवार को 50 से ज्यादा मरीजों के एक्स रे नहीं हो सके। जिसके चलते मरीज निराश होकर वापस लौट गए। प्रबंधन की तरफ से संबंधित कंपनी को सूचित किया गया। वहीं जल्द मशीन को ठीक करवाने की बात प्रबंधन की तरफ से कही जा रही है। बता दें कि नागरिक अस्पताल में रोजाना 80 से 100 मरीजों के एक्स-रे होते है। वर्ष 2007 में लगाई गई एक्स-रे मशीन काफी पूरानी हो चुकी है। जोकि बार-बार खराब हो रही है। अस्पताल में एक्स रे न होने के कारण मरीजों का इलाज भी प्रभावित रहा। जिससे मरीजों को बाहर पैसे देकर एक्स-रे करवाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। डिजिटल एक्स-रे मशीन की वारंटी तक खत्म हो चुकी है। इसके बावजूद नई मशीन नहीं मंगवाई जा रही है। अस्पताल प्रशासन की लापरवाही का खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। प्रबंधन की तरफ से एक्सरे विभाग के गेट पर मशीन खराब होने का नोटिस चस्पाया गया है।




**सोनीपत।** दरवाजे पर चस्पाया गया नोटिस। फोटो : हरिभूमि

#### तकनीकी खराबी की जांच की जा रही

मशीन काफी पुरानी हो चुकी है। प्रबंधन की तरफ से मशीन को ठीक करवाने के लिए संबंधित कंपनी से पत्राचार कर दिया है। बार-बार तकनीकी खराबी की जांच की जा रही है। जल्द से जल्द मशीन को ठीक करवाकर मरीजों को सुविधा देने के प्रयास किए जायेगे।
**डा. गिन्नी लांबा, कार्यकारी प्रधान चिकित्सक अधिकारी नागरिक अस्पताल।**

#### करीब दो साल से बंद पड़ा अल्ट्रासाउंड केंद्र

नागरिक अस्पताल में स्थापित मशीने काफी पुरानी हो चुकी है। जिसके चलते वह बार-बार जवाब दे रही है। अस्पताल के लैब की मशीनें हो या एक्स-रे विभाग की मशीनें। मशीनों सालो पुरानी है। वहीं करीब दो साल से अस्पताल में रेडियो लाजिस्ट के न होने के चलते अल्ट्रासाउंड मशीन बंद पड़ी है। जिसके चलते गर्भवती महिलाओं सहित अन्य अल्ट्रासाउंड करवाने वाले मरीजों को परेशानी के साथ-साथ आर्थिक हानि का सामना करने पर मजबूर होना पड़ रहा है।